हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 20 फ़रवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)

भारतीय रिजर्व बैंक ने 'आरबीआई डेटा' नाम से एक मोबाइल ऐप शुरू किया है, जो लोगों को भारतीय अर्थव्यवस्था से संबंधित व्यापक आर्थिक और वित्तीय आंकड़े उपलब्ध कराएगा।

बैंक ने एक बयान में कहा कि यह ऐप भारतीय अर्थव्यवस्था से संबंधित आर्थिक डेटा की 11 हजार से अधिक विभिन्न श्रृंखलाएं उपलब्ध कराएगा। उपयोगकर्ता डेटा डाउनलोड भी कर सकते हैं। ऐप में डेटा के स्रोत का विवरण भी शामिल है। इसमें एक लोकप्रिय रिपोर्ट खंड भी है जिसमें बार-बार देखी जाने वाली रिपोर्टों की श्रृंखला शामिल है।ऐप के जरिये उपयोगकर्ता अपने आसपास 20 किलोमीटर के क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे।

****

हरियाणा शहरी स्थानीयनिकाय चुनाव में पानीपत नगर निगम को छोड़कर, बाक़ी सभी स्थानीय नगर निकायों में नाम वापिस लेने के बाद संबंधितनगर निगमों में महापौर पद के लिए 39, नगर परिषदों व नगर पालिकाओं में अध्यक्ष के पद के लिए 184 तथावार्ड सदस्यों के लिए 2335 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि महापौर पद के लिए नगर निगम फरीदाबाद में 6,गुरुग्राम में 2, मानेसर में 4, हिसार में 7, करनाल में 4, रोहतक में 5 तथा यमुनानगर में 4 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। उन्होंने बतायाकि नगर निगम अम्बाला महापौर पद के उप चुनाव के लिए 2 तथा सोनीपत नगर निगम महापौरपद के लिये होने वाले उपचुनाव के लिये 5 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं।उन्होंने आगे बताया कि अम्बाला सदर में 4, पटौदी जटोली मंडी में 11, थानेसर में 5 तथा सिरसा में 8 उम्मीदवार नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव लड़ेगे।

****

हरियाणा सरकार ने 1990 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अनुराग रस्तोगी को राज्य का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। कल देर शाम वर्तमान में, राजस्व विभाग के आयुक्त और वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी को मुख्य सचिव के पद पर तैनात किए जाने के आदेश जारी हुए। आदेश में कहा गया है कि श्री रस्तोगी वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का कार्यभार भी संभालेंगे।उल्लेखनीय है कि निवर्तमान मुख्य सचिव विवेक जोशी के चुनाव आयुक्त के पद पर आसीन होने से हरियाणा के मुख्य सचिव का पद खाली हो गया था।

****

हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने प्रदेश को जल सुरक्षित राज्य बनाने हेतु विभिन्न परियोजनाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए विशेष पैकेज दिए जाने की मांग की है।

श्री गंगवा ने "जल सुरक्षित राष्ट्र" विषय पर राजस्थान के उदयपुर में आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह मांग की। सम्मेलन में हरियाणा की सिंचाई और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी भी मौजूद रही।श्री गंगवा ने कहा कि हरियाणा जल सुरक्षित राज्य के लक्ष्य को 2047 से पहले पूरा करेगा। इसके लिए हरियाणा में रैनीवेल, जल जीवन मिशन, अमृत योजना के अलावा नहर आधारित पेयजल परियोजनाओं का विस्तार किया जा रहा है।जनस्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दो दिवसीय सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में 2047 तक जल सुरक्षित राष्ट्र के लिए अनेक सुझाव और योजनाओं की जानकारी दी गई।

****

हरियाणा सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के राज्य में अवैध खनन संबंधी बयानों को निराधार और सत्य से परे बताया है । भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए राज्य में 5,000 करोड़ रुपये के नुकसान तथा बी जे पी सरकार के 10 साल के कार्यकाल के दौरान अवैध खनन के कारण कुल 50,000 करोड़ रुपये के नुकसान का दावा किया है।खनन एवं भूविज्ञान विभाग के प्रवक्ता ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि तथ्यों की जांच करने पर पाया गया कि कैग रिपोर्ट वर्ष 2019 से संबंधित है तथा रिपोर्ट में अवैध खनन के कारण 5000 करोड़ रुपये के नुकसान का कोई उल्लेख नहीं है। रिपोर्ट पर दिसंबर 2022 में लोक लेखा समिति में चर्चा हो चुकी है।

हालांकि रेत और बजरी की खदानों के भू-स्थानिक सर्वेक्षण के आधार पर कुछ निष्कर्ष सामने आए थे, लेकिन अवैध खनन के कारण 5000 करोड़ रुपये के किसी विशेष नुकसान या "घोटाले" की पहचान कैग द्वारा नहीं की गई थी।

****

हरियाणा की गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार ने देश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा राज्यों की पुलिस को इस संबंध में दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं।डॉ. मिश्रा ने कहा कि पुलिस के अधिकारियों को राष्ट्रीय राजमार्गों व राज्यीय मार्गों पर यातायात सचेतक चिन्ह लगवाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए है। दुर्घटना संभावित जोन तथा घातक मोड पर "कैट आई" जैसे चिन्ह लगाने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद एक घण्टे के स्वर्ण काल के दौरान पीड़ित को नजदीकी अस्पताल पहुंचा कर अमूल्य जीवन बचाया जा सकता है। डॉ मिश्रा ने आम लोगों से दुर्घटना के शिकार लोगों की सहायता करने की अपील की है।